






## खबर संक्षेप

### आकाशवाणी के 90 वर्ष पूर्ण होने पर वॉकाथॉन आज

**अंबिकापुर।** आकाशवाणी के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर के विभिन्न आकाशवाणी केंद्रों द्वारा आयोजित किए जा रहे वॉकाथॉन कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आकाशवाणी अंबिकापुर द्वारा भी 23 मई को भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अंबिकापुर के जनप्रतिनिधि, उच्च प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। वॉकाथॉन 23 मई, शनिवार की सुबह 6 बजे आकाशवाणी अंबिकापुर के मुख्य द्वार से प्रारंभ होगी। यात्रा गांधी चौक, संगम चौक दैवीगंज रोड, महामाया चौक होते हुए पुनः आकाशवाणी परिसर पहुंचेगी। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य आकाशवाणी की 90 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, जनसंचार में रेडियो की ऐतिहासिक भूमिका तथा वर्तमान समय में उसकी निरंतर प्रासंगिकता को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में आकाशवाणी अंबिकापुर के सहायक निदेशक कार्यक्रम प्रमेंद्र कुमार सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय सहभागिता निभाएंगे। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों हेतु मेडल की व्यवस्था की गई है।

### मोरभंज रेलवे ओवर ब्रिज के ऊपर से रेलवे ट्रैक पर कूदा युवक, मौत

**बिश्रामपुर।** अनूपपुर रेलवे ट्रैक पर कमलपुर स्टेशन के आगे मोरभंज रेलवे ओवर ब्रिज से युवक के नीचे कूद जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार शाम करीब 5 से 5.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। सूरजपुर अंतर्गत ग्राम सलका निवासी राम सिंह आ. बृजलाल (38 वर्ष) का एक सप्ताह से दिमागी हालत ठीक नहीं था। परिजन युवक का झाड़ फूंक कराने ग्राम सिलसिला देवार के पास लेकर गए थे। 21 मई को युवक बाथरूम करने जाने की बात कहकर निकला जिसके बाद वापस नहीं लौटा। इसी बीच युवक जयनगर के मोरभंज रेलवे ब्रिज पहुंच गया और रेलवे ओवर ब्रिज से नीचे रेल ट्रैक पर कूद गया। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है, वहीं ट्रैक पर मौजूद गिट्टी एवं लोहे के उपकरणों से टकराने के कारण उसकी आंत बाहर निकल गई। इधर घटना के बाद आसपास मौजूद युवकों ने घायल को रेल पटरी से किनारे कर डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची 112 टीम युवक को प्राथमिक उपचार के लिए अजबनगर स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### संगमचौक पर किया गया चक्काजाम, आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आंदोलन

# अघोषित कटौती, जर्जर सड़क और बदहाल व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- विद्युत विभाग ने दो दिन व लोनिवि एवं ननि ने मांगा सप्ताह भर का समय

अम्बिकापुर शहर में अघोषित बिजली कटौती, राष्ट्रीय राजमार्ग और निगम की जर्जर सड़क, बदहाल सफाई व्यवस्था, बंद स्ट्रीट लाइट, बजबजाती नालियों की सफाई जैसे मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने आज संगम चौक पर चक्काजाम किया। चिलचिलाती धूप के बीच 4 बजे शुरू हुआ चक्का जाम और धरना प्रदर्शन देर शाम तक जारी रहा। प्रदर्शन के दौरान विद्युत विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और सुधार व मरम्मत कार्य का आश्वासन दिया जिसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ लेकिन एनएच के अधिकारी मौके पर नहीं आए जिसके बाद कांग्रेस ने आने वाले दिनों में कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी गई। इसके साथ ही तय समय में सुधार कर मरम्मत कार्य नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई।



संगम चौक पर धरना-प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

बता दें कि शहर की जनता इन दिनों अघोषित बिजली कटौती, नगर निगम और शहर के बीच से होकर गुरजने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क की जर्जर हालत से परेशान है। इसके साथ ही शहर में सफाई व्यवस्था बदहाल हो गई है। शहर के स्ट्रीट लाइट बंद पड़े हुए है और नालियां बजबजा रही है। इन समस्याओं के निराकरण को लेकर ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस ने कलेक्टर सरगुजा को ज्ञापन दिया था। ज्ञापन देने के बाद भी स्थिति को सुधारने में सकारात्मक पहल नहीं होता देख शुक्रवार को चक्का जाम का निर्णय लिया गया। इस दौरान शहर के बीच संगम चौक पर कांग्रेस ने चिलचिलाती धूप के बीच सड़क पर बैठकर चक्काजाम और आंदोलन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने सभा स्थल पर मौजूद अधिकारियों से सवाल करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने शहर की सड़कों के लिए 20 करोड़ रुपए दिये थे वो कहां है। चक्काजाम स्थल विद्युत विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों की कमीशनखोरी और विद्युत लाईन में घटिया किस्म के उपकरणों के उपयोग के कारण शहर में विद्युत आपूर्ति की हालत दयनीय हुई है। चक्काजाम स्थल पर एनएच के अधिकारियों के नहीं आने के कारण उन्होंने एनएच कार्यालय के घेराव की चेतावनी भी उन्होंने दी है, साथ ही महामाया चौक से गुरुद्वारा तक गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने के लिए भी कहा है।

#### कांग्रेस ने भी बांटी मैलोडी चॉकलेट

बिजली कटने से लोग परेशान और बिल बढ़ता जा रहा है, रोड हमारा बन नहीं पा रहा है, कहो मंजूषा मजा आ रहा है जैसे स्लोगन के बोर्ड लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने संगम चौक पर चक्काजाम की शुरूआत की। चक्काजाम स्थल पर पहुंचने वाले नागरिकों को मैलोडी चॉकलेट बांट कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ट्रिपल इंजन की सरकार में समस्याओं को भूल जाने और तकलीफों के साथ जीने का संदेश दिया। चक्काजाम से नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए माफी मांगते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि नागरिक हित के लिए मजबूरन यह प्रयास करना पड़ रहा है। आवश्यकता होने पर कांग्रेस और बड़े आंदोलन के लिए तैयार है।

#### अपने ही जाल में फंस गई भाजपा : आदित्येश्वर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि राज्य और निगम में कांग्रेस की सरकार शानदार कार्य कर रही थी लेकिन भाजपा ने कोई कार्य नहीं होने का झूठ फैला कर, जिसमे उंसे महारत है धोखे की सरकार बनाई और आज वो अपने ही फैलाए हुए जाल में फंस गई और आम नागरिकों पर समस्याओं को थोप दिया। पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि अगर महापौर का अधिकारियों पर बस नहीं चल रहा है तो उन्हें तत्काल इस्तीफा देकर शहर के विकास की रुकावट को दूर करना चाहिए। उन्हें महिला होने और आदिवासी होने का विक्टिम कार्ड खेलना बंद कर देना चाहिए। निगम के पूर्व सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि शहर की स्थिति को सुधारने के लिए अगर हम कानून हाथ मे लेना पड़े तो पीछे नहीं हटेंगे। सरकार की कमीशनखोरी पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि बिजली विभाग वाले जानबूझकर शहर की विद्युत आपूर्ति चौपट किये हुए हैं। इसका कारण भाजपा राज में उन्हें अपने वेतन पर भी मंत्रियों को कमीशन देना है। इसी कारण वे भी चाहते हैं कि जल्द से जल्द यह कमीशनखोर सरकार विदा हो।

#### नियंत्रण में नहीं अधिकारी : शफी

निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि अधिकारियों के गैरजिम्मेदाराना रवैये के कारण शहर को काफी तकलीफ झेलनी पड़ रही है। ट्रिपल इंजन की सरकार के नेतृत्व का नियंत्रण भी इनपर नहीं रहा है। अम्बिकापुर की महापौर का हाल का प्रलाप इसका साक्षात उदाहरण है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ट्रिपल इंजन की सरकार ने नागरिक समस्याओं का तत्काल निराकरण नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। चक्काजाम के दौरान विद्युत विभाग, निगम, पीडब्लूडी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद थे। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने 2 दिन का वक़्त मांगते हुए व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया है। निगम और लोनिवि के अधिकारियों ने 1 सप्ताह में सड़कों के सुधार का आश्वासन दिया है जिसके बाद आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की गई।

# स्वीकृत सब स्टेशनों का कार्य जल्द करें प्रारंभः अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कैबिनेट मंत्री ने जिले में सड़क, बिजली, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर ली बैठक

एक तरह शहर की बदहाल व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया तो वहीं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने जिपं के वीसी कक्ष में सड़क, बिजली, पेयजल सहित व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए विभागीय अधिकारी अपने कर्त्तव्यों का गम्भीरता से निर्वहन करें।

बैठक में मंत्री श्री अग्रवाल ने सर्वप्रथम जिले में विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं, बिजली कटौती, ट्रांसफार्मर सुधार, लो-वोल्टेज की शिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्वीकृत सभी सब स्टेशन कार्य शुरू कर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि आमजनों को बिजली से सम्बंधित समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने प्रस्तावित सब स्टेशनों का तत्काल प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु प्रेषित करने कहा, वहीं शहर में प्रस्तावित 5 सब स्टेशनों को अग्रिम आधिपत्य के लिए नगर निगम को निर्देशित किया गया। उन्होंने अधिकारियों से मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के शेष हितग्राहियों की पंचायतवार सूची तैयार कर सरपंच सचिवों को उपलब्ध कराने कहा, ताकि हितग्राहियों को जल्द योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा बारिश और गर्मी के मौसम को देखते हुए आपातकालीन टीम सक्रिय रहे, उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान हो। इस दौरान शहर में पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट तथा जल निकासी जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने आगामी मानसून को देखते हुए जलभराव की समस्या से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां करने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया। उन्होंने अवैध कब्जों पर आवश्यक कार्यवाही करने, किराया ना देने वाले दुकानों से वसूली करने कहा। इस दौरान बैठक में जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, ननि आयुक्त डीएन कश्यप, लोनिवि, विद्युत विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।




#### बारिश से पहले निर्माण कार्य पूर्ण करें

बैठक में मंत्री श्री अग्रवाल ने जिले में सड़क व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सड़कों के सुधारीकरण, लंबित निर्माण कार्यों में तेजी लाने और ठेकेदारों पर गुणवत्ता के मानकों का पालन करने के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश से पूर्व सभी निर्माण कार्य प्राथमिकता के साथ पूरे हो जाएं, आमजनों को आवागमन में समस्या ना हो। उन्होंने कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को शहर में सड़कों के जल्द मरम्मत और सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। चिन्हांकित जलभराव वाले क्षेत्रों को नगर निगम की टीम के साथ समन्वय कर सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने लोनिवि अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में ऐसे कई स्थान हैं जहां जर्जर भवनों को हटाकर शासकीय आवास बनाए जा सकते है, ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें। सिविल लाइन में नए शासकीय आवासों के निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण कर कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के शेष निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करवाने निर्देशित किया। उन्होंने अम्बिकापुर शहर में महामाया चैक से बंगाली चैक के बीच सड़कों में गढ्ढे भरवाकर मरम्मत करवाने, मनेन्द्रगढ़ रोड में पीजी कॉलेज ग्राउण्ड के सामने जलभराव की स्थिति में सुधार हेतु मरम्मत कार्य करवाने कहा।

# हिन्दू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचार का प्रतीक है उर्स : डॉ.सलीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- तकिया उर्स में दो दिवसीय कव्वाली मुकाबला का उदघाटन, मुज्तबा अजीज नाजा एवं छोटी तमन्ना के बीच हुआ कव्वाली का मुकाबला

सद्भावना ग्राम तकिया में आयोजित तीन दिवसीय उर्स के तहत 21 मई की रात भव्य कव्वाली मुकाबला का आयोजन किया गया। इस दौरान मशहूर कव्वाल मुज्तबा अजीज नाजा एवं कव्वाल छोटी तमन्ना के बीच कव्वाली की प्रतियोगिता हुई। इस कार्यक्रम का उदघाटन छग वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सलीम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाले सभी उर्स आयोजनों में तकिया मजार शरीफ का आयोजन सबसे आला और विशेष महत्व रखता है।



उन्होंने कहा कि यह उत्सव हिन्दू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। जिसमें सभी जाति एवं धर्म के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं तथा निरंतर आयोजित होते रहना चाहिए। उन्होंने अंजुमन कमेटी को इस शानदार आयोजन के लिए मुबारकबाद देते हुए प्रदेश और देश में अमन, चैन एवं खुशहाली की दुआ मांगी। कार्यक्रम के दौरान सरगुजा ज़िले के उन स्कूली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में मशहूर कव्वाल मुज्तबा अजीज नाजा (मुंबई) एवं कव्वाल छोटी तमन्ना (सोलापुर) ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। देर रात तक चले इस क़व्वाली कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कव्वाल अजीज नाजा ने सामाजिक सौहार्द, मोहब्बत, इंसानियत और देशभक्ति से ओतप्रोत कव्वालियां प्रस्तुत कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। इसके अतिरिक्त अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष इरफान सिद्दीकी एवं परवेज आलम गांधी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान अधिवक्ता विनोद दूबे, फैजान सरवर, फैजान अहमद सीबू, एजाज भाई, बसित अली, हाजी इकबाल, शायर अतुल अजनबी, श्रीमती रूबी सिद्दीकी, सलाउद्दीन सिद्दीकी, नौशाद सिद्दीकी, सफदर अली, फजल हक, याकूब खान, जावेद खान, रिजवान सिद्दीकी, अफजला अंसारी, अब्दुल लतीफ, सादाब रिज़वी, रकीब अंसारी, सिकंदर खान, अनिक खान, इरफान खान, शाहिद खान, सिराजुल अंसारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ज़ायरीन उपस्थित रहे।

# डीलिस्टिंग की मांग को लेकर जनजाति समाज का दिल्ली कूच

- धर्मांतरण कर चुके लोगों को लाभ से अलग करने की उठी मांग

**अम्बिकापुर।** जनजातीय अधिकारों एवं डीलिस्टिंग की मांग लेकर सरगुजा से बड़ी संख्या में जनजाति समाज के आंदोलनकारी शुक्रवार को ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हुए। आंदोलनकारियों को भाजपा संभाग प्रभारी अवधेश सिंह चंदेल, जिला प्रभारी कृष्णकांत चंद्रा, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, बस्तर संभाग प्रभारी हरपाल सिंह भामरा, जिला महामंत्री विनोद हर्ष एवं आदिवासी नेता इंदर भगत के नेतृत्व में निकले जत्थे में सरगुजा के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। दिल्ली रवाना होने से पूर्व इंदर भगत ने कहा कि जनजातीय समाज अपने संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक अस्मिता की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने जा रहा है। जो लोग धर्म परिवर्तन कर चुके हैं, उन्हे अनुसूचित जनजाति वर्ग को मिलने वाले आरक्षण एवं अन्य संवैधानिक लाभों का पात्र नहीं माना जाना चाहिए। जनजातीय समाज की परंपराएं, संस्कृति, रीति-रिवाज और धार्मिक पहचान उसकी मूल आत्मा है। व्यक्ति अपनी मूल जनजातीय आस्था एवं परंपरा को छोड़कर अन्य धर्म स्वीकार करता है, तो उसे जनजातीय वर्ग के विशेष अधिकारों का लाभ नहीं मिलना चाहिए। डीलिस्टिंग के माध्यम से ऐसे लोगों को चिन्हित कर अलग किया जाना आवश्यक है, ताकि वास्तविक जनजातीय समाज के अधिकार सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि इस संबंध में दिल्ली में व्यापक आंदोलन एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर जनजातीय समाज की भावनाओं से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान आदिवासी नेता रामलखन सिंह पैकरा, जन्मेजय मिश्रा, बाबूलाल अग्रवाल, नंदकिशोर ताम्रकर सहित बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।




### वन संपदा को भारी नुकसान, गांवों का रूख कर रहे वन्यजीव

# 12 घंटे से बैजनपाट जंगल में धधक रही आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व स्थित सीमावर्ती बैजनपाट जंगल में शुक्रवार को सुबह से ही आग धधक रही है। टाइगर रिजर्व का जंगल होने के बावजूद आग लगने के 12 घंटे बाद भी विभाग द्वारा आग बुझाने की पहल नहीं की गई है।

अब महुआ का सीजन खत्म हो गया है तथा संग्राहक वन क्षेत्रों से लगातार तेंदूपत्ता का संग्रहण कर रहे हैं। महुआ का सीजन खत्म होने के बाद जंगल जलने की घटनाएं भी कम हो गई है। हालांकि वन विभाग मई एवं जून के महीने को भी सुरक्षा की दृष्टि से फायर सीजन मानता है विभाग ने जंगल जलने की घटनाओं की रोकथाम के लिए हर बीट में चौकीदारों को तैनात किया है लेकिन क्षेत्र के घने जंगलों में कहीं भी चौकीदार वनकर्मी नहीं दिख रहे हैं।



शुक्रवार को सुबह अचानक बैजनपाट जंगल में आग धधकने लगी। दोपहर में हवा चलने के कारण आग तेजी से फैलने लगी देखते ही देखते डेढ़ किमी वर्ग क्षेत्र में फैल गई। शाम में आबादी क्षेत्र में धुआं भरने पर ग्रामीणों को जंगल में आग धधकने की जानकारी मिली। ग्रामीणों ने संबंधित वन अधिकारियों को भी जंगल में आग लगने की जानकारी दी लेकिन विभाग द्वारा शुक्रवार को देर शाम तक आग बुझाने की कोई पहल नहीं की गई। आग से वनों की सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा सैटेलाइट की सूचना के आधार पर नियमित जंगल में आग लगने की सूचनाएं साझा की जाती हैं ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके। विभाग द्वारा सूचना देने के बावजूद अधिकारी स्थिति से अनजान बने हुए है। इधर जंगल में आग धधकने से भयभीत वन्यजीव आबादी क्षेत्रों का रूख कर रहे हैं जिससे ग्रामीण भयभीत है। आबादी क्षेत्रों में धुंआ भरने से ग्रामीणों को सांस लेने में समस्या हो रही है। समय पर आग बुझाने की पहल नहीं होने से वन संपदा एवं जैव विविधता को भारी क्षति होने का अनुमान है। इस संबंध में गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर सौरभ कुमार सिंह ने बताया आपसे ही जंगल में आग लगने की जानकारी मिली है। मैं तत्काल अधिकारी-कर्मचारियों को स्थल पर भेजता हूं।




## खबर संक्षेप

### विद्युत की समस्या से ग्रामीण त्रस्त

**बैकुण्ठपुर।** जनपद सदस्य ने अपने क्षेत्र में विद्युत कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या को लेकर छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता को शिकायत पत्र देकर इस दिशा में उचित पहल करने की मांग की। जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 9 चेरवापारा गणेश कुमार राजवाडे ने विद्युत विभाग बैकुंठपुर के कनिष्ठ अभियंता को लिखे अपने शिकायत में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत खरवत, खालपारा एवं छिंदडॉड कलेक्ट्रेड क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बीते कई दिनों से बनी हुई है, इसके चलते विद्युत पंप नहीं चल पा रहे हैं, इसके कारण लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल पाता है, इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक सामान नहीं चल पा रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। उक्त समस्याओं के समाधान के लिए उचित पहल करने की मांग की।

### कॉमन एंट्रेंस एग्जाम सीईई की तारीख घोषित

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय सेना भर्ती वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) की तारीख सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा घोषित कर दी गई है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 से 5 जून तथा 8 से 12 जून तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रदेश के 5 प्रमुख शहरों भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर के कुल 10 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी। परीक्षा प्रतिदिन 3 से 4 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय ने उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी करना प्रारंभ कर दिया है। अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे प्रवेश पत्र में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

### दूसरे दिन भी डाकघर का सर्वर डाउन

**बैकुण्ठपुर।** शहर के उप डाकघर में लगातार दूसरे दिन भी सर्वर डाउन होने की समस्या से डाक घर से संबंधित विभिन्न तरह के सेवाओं पर असर पड़ा, वहीं आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार शहर के उप डाकघर में गुरूवार को पूरे समय सर्वर डाउन होने के कारण रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट करने वाले परेशान रहे, इसके अलावा अन्य डिजीटल सेवाएं भी बाधित रही, इसके चलते लोग परेशान रहे, वहीं दूसरे दिन शुक्रवार को भी घंटों सर्वर डाउन रहा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को डाकघर खुलने पर शुरूआत में कुछ समय तक सर्वर की स्थिति ठीक रही, लेकिन बाद में सर्वर डाउन की स्थिति बन गई तो घंटों इसी तरह की स्थिति रही। इस बीच लोग स्पीड पोस्ट,रजिस्ट्री कराने पहुंचे तो काउंटर क्लोज का बोर्ड लगा रहा, लिंक फेल रहने के कारण जरूरी सेवाएं बाधित रही। और शहर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले लोग परेशान होते रहे।

### ग्रामीण रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का समापन, उदयपुर ने जीता खिताब

**मानीचौक।** ग्राम पंचायत पोड़ी में आयोजित ग्रामीण स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन बीती रात हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उदयपुर एवं चंदरपुर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें उदयपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उदयपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवरों में टीम ने 63 रन बनाकर चंदरपुर के सामने जीत के लिए 64 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंदरपुर की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई और नियमित अंतराल में विकेट गंवाती रही। पूरी टीम 46 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार उदयपुर ने 17 रन से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम किया। आयोजन कमेटी द्वारा विजेता टीम को 30 हजार नगद व शील्ड तथा उप विजेता टीम को 15 हजार नगद व शील्ड देकर सम्मानित कराया गया ,वही मैन ऑफ द मैच, सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर सहित अन्य पंद्रह मोमेंट का वितरण एसकेएमपीएल द्वारा किया गया।

**कोरिया की राजनीति में हलचल**

**सोशल मीडिया में वीडियो वायरल**

# चौपाल में सीएम साय से विधायक रेणुका की शिकायत, भाजयुमो महामंत्री को नोटिस


हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भीषण गर्मी के बीच इन दिनों कोरिया जिले का सियासी तापमान भी शबाब पर है। 21 मई को जनपद पंचायत सोनहत के कुशहा पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णदेव साय के सामने अपनी ही पार्टी की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के खिलाफ आवाज उठाना भाजयुमो जिला महामंत्री मनोज साहू को भारी पड़ गया। संगठन की ओर से भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। इस कार्रवाई के बाद जिले की राजनीति में बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

■ पूर्व विधायक गुलाब ने भी कसा तंज

विदित हो कि सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री श्री साय सोनहत के ग्राम कुशहा में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों से योजनाओं और समस्याओं को लेकर सीधा संवाद कर रहे थे। इसी दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री मनोज साहू ने सार्वजनिक मंच से अपनी ही पार्टी की भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह पर सवाल खड़े कर दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय के सामने कहा कि विधायक का सोनहत क्षेत्र में प्रवास नहीं होता और वे जनता के बीच सक्रिय नजर नहीं आतीं। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। पूरे घटनाक्रम के बाद कोरिया जिले में भाजपा की अंदरूनी राजनीति को लेकर भी कई चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सार्वजनिक मंच से विधायक के खिलाफ बयान आना संगठन के भीतर असंतोष का संकेत माना जा रहा है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि मनोज साहू नोटिस का क्या जवाब देते हैं और संगठन आगे क्या रुख अपनाता है।




### सोशल मीडिया में मचा बवाल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने दिए गए इस बयान का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गई। विपक्षी कांग्रेस ने इसे भाजपा के अंदरूनी असंतोष का बड़ा संकेत बताते हुए सरकार और संगठन दोनों पर हमला बोला है। मामले में क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा है कि जनता परेशान हैं और भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता खुद अपनी बात रखने के लिए विवश हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर सत्ताधारी दल के नेता ही सार्वजनिक मंच पर शिकायत कर रहे हैं, तो क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**धार्मिक गतिविधियों का किया अवलोकन**

# प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रभु श्री जगन्नाथ से मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

अपने दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन प्रातःकाल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय चिरमिरी स्थित प्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रभु जगन्नाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में उन्होंने प्रदेश की खुशहाली, शांति एवं विकास की कामना की।

इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री के मंदिर पहुंचने पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन कर उनका स्वागत किया। मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में सराबोर दिखाई दिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर में कुछ समय व्यतीत कर धार्मिक गतिविधियों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने प्रवास के दौरान चिरमिरी क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने जहां धार्मिक आस्था के तहत पूजा-अर्चना की, वहीं प्रशासनिक बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य सरकार की योजनाओं और प्राथमिकताओं को विस्तार से रखा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकास योजनाओं, महिलाओं की भागीदारी और शिक्षा सुधारों पर दिया जोर दिया। चिरमिरी प्रवास के दूसरे दिन तानसेन भवन में स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, महापौर रामनरेश राय, विशेष सचिव रजत वंसल उपस्थित रहे।





दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन चिरमिरी स्थित प्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि।



# महिला की हत्या व लूट का खुलासा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

महिला संबंधी अपराधों पर नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई के पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के बीच बिजुरी पुलिस ने तत्परता का परिचय दिया है। पुलिस ने एक महिला की हत्या और लूट के सनसनीखेज मामले का महज छह घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन और मृतिका के कपड़े बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम और एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में की गई।

■ सुनसान जगह पर दिया वारदात को अंजाम

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 मई को एक 17 वर्षीय नाबालिग ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी 20 वर्षीय महिला मित्र के साथ कोरजा कालरी बाउंड्री के पास, रेलवे लाइन रोड स्थित बरगद के पेड़ के नीचे बैठा था। इसी दौरान दो अज्ञात युवक वहां पहंचे और गाली-गलौज करते हुए युवती के साथ जबरदस्ती व अश्लील हरकतें करने लगे। जब दोनों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने नाबालिग के सिर पर पत्थर से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया, इसके बाद आरोपी युवती को घसीटकर नाली के पास ले गए और उसके साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट व गंभीर अपराध को अंजाम दिया। दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। इस खौफनाक वारदात के बीच घायल नाबालिग ने अदम्य साहस का परिचय दिया। उसने संघर्ष के दौरान एक आरोपी के सीने पर दांत से जोर से काट लिया था। नाबालिग के दांतों का यही निशान बाइट मार्क बाद में पुलिस जांच का सबसे बड़ा और निर्णायक सुराग साबित हुआ। वारदात के बाद आरोपी मौके से नाबालिग का मोबाइल फोन, स्कूटी की चाबी और मृतिका का लोवर लूटकर फरार हो गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं जोड़कर जांच तेज की। तकनीकी साक्ष्यों, फॉरेंसिक जैविकद्ध प्रमाणों और मुखबीरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने मात्र छह घंटे के भीतर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने इस मामले में गोलू कुशवाहा और अख्तर अली कुरैशी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

अंधे कत्ल का इतनी जल्दी पदार्फाश करने पर पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इस त्वरित कार्रवाई में बिजुरी थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंह, उपनिरीक्षक मानिम टोप्पो, विपुल शुक्ला, कमलेश तिवारी और प्रभाकर पटेल सहित पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## प्रदेश में आत्मनिर्भर बन रहीं हैं महिलाएं: विष्णुदेव



सीएम ने प्रेसवार्ता को किया संबोधित तानसेन भवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय ने विभिन्न सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार जनता की अपेक्षा पर खड़ा उतरने के लिए पुरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने जिले में महिलाओं की बढ़ती भूमिका की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से यह उल्लेख किया कि जिले में महिला कलेक्टर की नियुक्ति प्रशासनिक व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव न केवल प्रशासन को अधिक संवेदनशील और प्रभावी बनाता है, बल्कि समाज में समानता और सशक्तिकरण का संदेश भी देता है।

### 33 जिलों में नालंदा परिसर का निर्माण

मुख्यमंत्री श्री साय ने शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को विस्तार से साझा किया। उन्होंने बताया कि छग के सभी 33 जिलों में नालंदा परिसर विकसित किए जा रहे हैं, जो आधुनिक शिक्षा सुविधाओं से युक्त होंगे।

### 151 फीट हनुमान प्रतिमा बनाने का मिला आश्वासन

चिरमिरी क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में इन दिनों आयोजित भव्य श्रीराम कथा महोत्सव भक्ति का केन्द्र बना हुआ है। कथा के पांचवे दिन 21 मई को रात्रि 8 वजे कथा स्थल पहुंच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कथा वाचक जगत गुरू रामभद्राचार्य से प्रदेश की जनता के हित में आशीर्वाद प्राप्त किया और जगत गुरू के मांग पर क्षेत्र में 151 फीट का हनुमान प्रतिमा बनाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री के इस दो दिवसीय चिरमिरी प्रवास को लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रीराम कथा एवं धार्मिक स्थलों पर उनकी उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ते हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने कामयाबी वेन को दिखाई हरी झंडी

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के तहत कोरिया जिले के सोनहत ब्लॉक के ग्राम कुशहा में आयोजित चौपाल में नीति आयोग द्वारा चयनित एवं वित्तपोषित मिशन कामयाबी के अंतर्गत कामयाबी वेन को हरीझंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, विशेष सचिव रजत बंसल, कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। कामयाबी वेन का उद्देश्य दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक आधुनिक डिजिटल शिक्षा पहुंचाना है, इसके माध्यम से वर्चुअल रियलिटी और ऑगमेंटेड रियलिटी तकनीक द्वारा विद्यार्थियों को रोचक, अनुभवात्मक एवं तकनीकी आधारित शिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। यह पहल विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता, बोर्ड परीक्षा परिणाम तथा तकनीकी जागरूकता में सुधार लाने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि इस वेन के माध्यम से दूरस्थ गांवों के विद्यार्थियों को विज्ञान एवं डिजिटल शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सरल और प्रभावी तरीके से प्राप्त हो सकेगी।



## मांगों को लेकर जिपं अध्यक्ष मोहित ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** बैकुण्ठपुर। सुशासन तिहार के दौरान कोरिया पहुंचे मुख्यमंत्री के समक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा ने दुल्हीधार व्यपवर्तन योजना तथा जमगहना से बचरापोड़ी मार्ग तक बाईपास सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत करने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कोरिया प्रवास गुरूवार को आए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र में दुल्हीधार व्यपवर्तन योजना का निर्माण कार्य स्वीकृत करने की मांग की। श्री पैकरा ने ज्ञापन में बताया कि इस योजना के निर्माण से तीन ग्रामों के 850 हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों को सिंचाई सुविधा मिल सकेगी, इसके अलावा श्री पैकरा ने एनएच 43 जमगहना से ग्राम कसरा, आमापारा, चारपारा होते हुए पोड़ी बचरा मार्ग तक बाईपास सड़क की स्वीकृति के लिए भी ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि जमगहना से बचरापोड़ी मार्ग तक बाईपास सड़क बन जाने पर इस क्षेत्र में आने वाले कई ग्राम आसानी से मुख्य मार्ग से जुड़ सकेंगे, वहीं बैकुण्ठपुर शहर पर भी यातायात का दबाव कम होगा और बडे वाहन भी शहर प्रवेश किए बिना आसानी से आवागमन कर सकेंगे।



# भालू के हमले की पीड़िता प्रेमबाई के घर पहुंची मेडिकल बोर्ड टीम

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में भालू हमले की पीड़ित प्रेमबाई गोंड को राहत पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने ऐसा मानवीय कदम उठाया, जिसकी पूरे क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

ग्राम चिडोला निवासी प्रेमबाई गोंड, जो पिछले वर्ष भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, उनकी पीड़ा और परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने तत्काल संवेदनशील पहल की। उनके निर्देश पर गठित जिला मेडिकल बोर्ड की टीम स्वयं पीड़िता के घर पहुंची और घर पर ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। मेडिकल बोर्ड द्वारा किए गए परीक्षण में प्रेमबाई गोंड में 55 प्रतिशत दिव्यांगता की पुष्टि की गई। साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है, जिससे उन्हें वन विभाग से मिलने वाली सहायता राशि, बीमा लाभ एवं अन्य शासकीय सुविधाएं प्राप्त करने में आसानी होगी।

**साहित्य, संस्कृति, संगीत व लोक कलाकारों का दो दिवसीय संगम**

# झुमका ओपन थियेटर में सांस्कृतिक महोत्सव जश्न ए जबां आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में कला, संस्कृति, संगीत, साहित्य और लोककला का बहुप्रतीक्षित आयोजन जश्न ए जबां कल शाम से झुमका ओपन एयर थियेटर में आयोजित किया जाएगा।

23 व 24 मई की शाम को होने वाले इस आयोजन में प्रदेश व देश के अनेक लोकप्रिय साहित्यकार व कलाकार अपनी सहभागिता देंगे। साथ ही कोरिया जिले के लोक कलाकारों गायकों और कवियों का भी मंचीय कार्यक्रम इस आयोजन को अलग आकर्षण प्रदान करेगा। दो दिवसीय आयोजन में विविध साहित्यिक विमर्श, पुस्तक का अनावरण, लेखक के साथ चर्चा, शास्त्रीय नृत्य शैली अंतर्गत कथक नृत्य, लोक संगीत, छग की विशेष लोक नृत्य शैली गेड़ी नृत्य, शास्त्रीय वादन व देश के प्रतिष्ठित कवि-कवयित्रियों की उपस्थिति कवि सम्मेलन जैसे आयोजन इसकी भव्यता बढ़ाएंगे। कोरिया जिला मुख्यालय में सांस्कृतिक संस्था सांईनाथ फाउंडेशन द्वारा आयोजित हो रहे इस आयोजन में प्रथम दिवस शनिवार 23 मई को प्रदेश की चर्चित युवा लोक गायिका आरू साहू अपनी पूरी टीम के साथ प्रस्तुति देने के लिए आ रही हैं। प्रथम दिवस का पहला कार्यक्रम ओपन माइक से आरंभ होगा।



### झुमका ओपन थियेटर में आयोजन

जश्न ए जबां का 7 वां संस्करण कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित झुमका बोट क्लब के ओपन एयर थियेटर में आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय इस आयोजन में कार्यक्रम शाम 5 बजे से आरंभ होकर रात 10 बजे तक होंगे। यह आयोजन सभी दर्शकों के लिए पूर्णतः निशुल्क होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के तमाम साहित्य व कलाप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन का लाभ उठाकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### जिपं सीईओ के कृत यक्षिणी का विमोचन

जश्न ए जबां के प्रथम दिवस का एक विशेष आकर्षण युवा लेखक डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की प्रथम उपन्यास यक्षिणी का विमोचन होगा। यक्षिणी - मैकल की अनुगूंज, परिकल्पनाओं पर आधारित उपन्यास है, जिसके मुख पृष्ठ का गत माह अनावरण हुआ था, संपूर्ण किताब का बहुप्रतीक्षित विमोचन समारोह जश्न ए जबां के प्रथम दिवस 23 मई को सम्मान समारोह अंतर्गत किया जाएगा। विशिष्ट कलाकारों और साहित्यकारों के बीच कोरिया जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष की पहली रचना का विमोचन निश्चित तौर पर क्षेत्र की साहित्यिक गतिविधि को एक नई ऊर्जा प्रदान करेगा। विदित हो कि अपने शासकीय दायित्वों के साथ प्रकृति के साथ जुड़ाव और अब तक के कार्यकाल के दौरान पूरे क्षेत्र में हुई अनुभूतियों को डॉ. आशुतोष ने यक्षिणी में समेकित करने का प्रयास किया है। विमोचन के पश्चात उपन्यास की अन्य विशिष्टताओं को जानने के लिए पाठकों के बीच उत्सुकता का माहौल रहेगा। विमोचन के अगले दिन यानी 24 मई को यक्षिणी पर लेखक के साथ युवा साहित्यकार व संस्कृतिकर्मी आशीष राज सिंघानिया एक परिचर्चा सत्र भी संपादित करेंगे।

# संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कोरिया की प्रथम परिचयात्मक बैठक भाजपा जिला कार्यालय में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, मोर्चा विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री अहिल्या राजवाड़े, सुरेन्द्र कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष जवाहर साहू, गोपाल राजवाड़े, पूर्णिमा दास, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल चेरवा, संतोष राजवाड़े सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, जिला व मंडल कार्यसमिति सदस्य तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन कार्यकर्ताओं की ताकत से निरंतर मजबूत हुआ है। ओबीसी मोर्चा समाज के हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं और संगठन की विचारधारा पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से पीड़ित चार वर्षीय मासूम की गई जान

**अम्बिकापुर।** मां के साथ घर के जमीन पर सो रही मासूम को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन बालिका को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच कर बालिका को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम धंधापुर कुंदी कला निवासी शिवानी आ. सुनील कुमार (4 वर्ष) गुरूवार की रात भोजन कर माँ व भाई के साथ जमीन पर सो रही थी। इसी दौरान रात लगभग 9 बजे पैर में कुछ काटने पर बालिका रोने लगी। बेटी को रोने पर मां ने घटना की जानकारी पति को फोन से दी। सूचना पर पिता मौके पर पहुंचा और बेटी की पैर के काटे स्थान को देखा तो उसके होश उड़ गए। पैर में सांप के काट लेने का निशान दिखा। परिजन तत्काल बालिका को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालिका को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत परिजन के साथ आई थी मैनपाट घूमने

**अम्बिकापुर।** मेण्ड्रा कला एनएच 130 पर सड़क पार कर रही महिला को चार पहिया वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलौदा बाजार अंतर्गत भाटापारा तुरमा निवासी देवकी बाई पाल पति विशंभर पाल (55 वर्ष) 21 मई को परिजन सहित अन्य लोगों के साथ मैनपाट घूमने आई थी। शाम को वापस घर लौटने लगे और जैसे ही मेण्ड्राकला के समीप पहुंचे तभी सभी भोजन करने के लिए रुक गए। इसी बीच महिला सड़क पार करने लगी तभी विपरीत दिशा से आ रहे चार पहिया वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को देख साथ गए लोगों ने महिला को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 24 मई 2026 को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ



डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी, श्वास, छाती, एलर्जी एवं टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.आरके साहू, पेन मेडिसिन एवं गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बबलेश महावर, न्यूरो सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ.देवान्श मिश्रा, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

## 1 जून से रेलवे रैक के जरिए कोल डिस्पैच शुरू होने की संभावना

# 41 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा जयनगर कोल साइडिंग, अंतिम चरण का चल रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बंद पड़ी जयनगर कोल साइडिंग का नवीनीकरण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। संभावना जताई जा रही है कि दस दिनों बाद आगामी 1 जून से इस साइडिंग से रेलवे रैक के माध्यम से कोयला संप्रेषण का कार्य शुरू हो जाएगा। गुरुवार को रेलवे, राइट्स एवं एसईसीएल के अधिकारियों ने जयनगर साइडिंग पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और इसे जल्द शुरू करने की प्रतिबद्धता जताई।

**खास बात**
- 2018 से बंद पड़ी थी जयनगर साईडिंग

गौरतलब है कि जयनगर साइडिंग वर्ष 2018 से पूरी तरह बंद पड़ी थी। अमेरा-आमगांव खदान के लिए अधिग्रहित भूमि का आधिपत्य नहीं मिल पाने तथा अन्य खदानों में कम उत्पादन के कारण यहां से रेलवे रैक से कोयला डिस्पैच बंद हो गया था। अब अमेरा-आमगांव एवं केतकी खदान में उत्पादन बढ़ने के बाद साइडिंग की आवश्यकता महसूस की गई, जिसके बाद इसके नवीनीकरण की योजना तैयार कर कार्य एजेंसी राइट्स को सौंपा गया।



ीभवन का ढलाई करते मजदूर।

### कोयले के बढ़ते स्टॉक से मिल सकेगी राहत

जानकारी के अनुसार वर्तमान में क्षेत्र की विभिन्न खदानों में करीब साढ़े तीन लाख टन कोयले का स्टॉक जमा है। गर्मी के मौसम में लंबे समय तक कोयला पड़े रहने से आग लगने और चोरी की घटनाओं का खतरा बना रहता है। नई साइडिंग शुरू होने से कोयले का त्वरित डिस्पैच संभव हो सकेगा और प्रबंधन को राहत मिलेगी। बताया जा रहा है कि खदानों से साइडिंग तक कोयला परिवहन एवं रैक लोडिंग के टेंडर की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। सब कुछ योजना के अनुरूप रहा तो आगामी 1 जून से जयनगर साइडिंग से कोल डिस्पैच शुरू हो जाएगा। इस साइडिंग के शुरू हो जाने के बाद क्षेत्र के कुमदा साइडिंग के रिनोवेशन कराए जाने की जानकारी है। बताया जाता है कि इसके लिए भी कागजी कार्रवाई शुरू हो गई है।इस रेल साइडिंग को जयनगर साइडिंग की तरह अपग्रेड कर प्राइवेट पार्टियों को किराए पर देने की योजना प्रबंधन ने तैयार की है।बिश्रामपुर क्षेत्र की ही कुमदा साइडिंग भी करीब दस वर्षों से बंद पड़ी हुई है।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी नई साइडिंग

करीब 41 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही इस आधुनिक कोल साइडिंग में अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसमें इन-मोशन वे-ब्रिज चलती मालगाड़ी का वजन, आधुनिक बूम बैरियर, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा के लिए चहारदीवारी एवं विंड स्क्रीन जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। इसके अलावा रेल लाइन के दोनों ओर लगभग 750,750 मीटर लंबा फुल-लेंथ प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है। नई साइडिंग के शुरू होने से वर्षों से बंद पड़ी जयनगर साइडिंग एक बार फिर गुलजार होगी। इससे खदानों से उत्पादित कोयले का डिस्पैच तेज होगा और देश के विभिन्न पावर प्लांटों तक आवश्यकता अनुसार कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। अभी तक बिश्रामपुर क्षेत्र का कोयला भटगांव साइडिंग भेजा जाता था, जिससे अतिरिक्त परिवहन व्यय भी बढ़ रहा था।

### दो खुली और तीन भूमिगत खदानों से हो रहा उत्पादन

बिश्रामपुर क्षेत्र में वर्तमान में दो खुली एवं तीन भूमिगत खदानें संचालित हैं। अमेरा खदान से जी-6 एवं जी-8 ग्रेड, आमगांव खदान से जी-7 ग्रेड का कोयला उत्पादन हो रहा है। वहीं भूमिगत खदान गायत्री से जी 6, रेहर खदान से जी 6 जी 7 एवं कोल इंडिया की पहली एमडीओ मोड में संचालित केतकी खदान से जी 7 ग्रेड का कोयला निकाला जा रहा है। साइडिंग बंद होने के कारण पिछले नौ वर्षों से पूरा कोयला सड़क मार्ग से डिस्पैच किया जा रहा था। अब रेल मार्ग से बड़े पैमाने पर कोयला देशभर के बिजलीघरों तक भेजा जाएगा। एक रेलवे रैक के जरिए एक बार में लगभग चार हजार टन कोयले का परिवहन संभव होगा। इससे सड़कों पर भारी वाहनों का दबाव भी कम होगा।



## रात में तीन बच्चों संग मंदिर के पास बिलखती मिली महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के मां महामाया मंदिर के पास बीती रात एक महिला अपने तीन छोटे बच्चों के साथ रोती-बिलखती हुई मिली। देर रात भूख और प्यास से व्याकुल बच्चे मां के साथ मंदिर परिसर के पास बैठे हुए थे।

- पुलिस ने सुरक्षित पहुंचाया घर

जानकारी के अनुसार उस समय अधिकांश लोग अपने घरों में थे। इसी दौरान स्थानीय नागरिक कृष्ण गुप्ता, भरत तिवारी एवं संजय तिवारी की नजर महिला और बच्चों पर पड़ी। तीनों ने मानवता का परिचय देते हुए पहले महिला एवं बच्चों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था की, इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर एएसआई राधेश्याम विश्वकर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे। पुलिस ने महिला और उसके तीनों मासूम बच्चों को समझाइश देकर सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाया। बताया जा रहा है कि महिला का लगभग 15 वर्षीय पुत्र कहीं से एक बोरा आम तोड़कर घर ले आया था। इस बात को लेकर महिला ने आपत्ति जताई थी। महिला का कहना था कि यदि उसका बेटा बिना पूछे इस प्रकार सामान लाएगा तो उसे चोरी की आदत पड़ सकती है। इसी बात को लेकर महिला की अपने भाई एवं भाभी से कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि महिला अपने तीन बच्चों को लेकर घर से निकल गई थी। महिला की पहचान रजवंती देवी (40 वर्ष) पति गणेश सोनी के रूप में हुई है। बताया गया कि उसकी शादी काफी अधिक उम्र के व्यक्ति से हुई थी, जो वर्तमान में डाल्टनगंज में रहता है। महिला स्वयं मेहनत-मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है। वह अपने साथ एक वर्ष के पुत्र एवं तीन वर्ष की पुत्री को लेकर काम पर जाती है।

करीब दो माह पूर्व महिला के एक पुत्र की रिंग रोड में वाहन की टक्कर से मौत हो चुकी है। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर महिला किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस एवं समाजसेवियों द्वारा समय रहते की गई मदद की सराहना की है।

## एसएसपी ठाकुर ने पुलिस प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाइन पर्री में पुलिस प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में एसएसपी ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को बेहतर टीमवर्क से जोड़ना और शारीरिक व मानसिक फिटनेश को बनाए रखना है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न ग्रामों की टीम भी भाग ले रही है, इस प्रतियोगिता के जरिए आमजनता व पुलिस के बीच सामान्जस्य को और मजबूत करने की यह एक मजबूत पहल है।

- सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा और जवानों को फिट रखने कराई जा रही है प्रतियोगिता

इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि यह आईपीएल की तर्ज पर एसपीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई है जिसमें पुलिस अनुभाग अन्तर्गत आने वाले थानों में पदस्थ अधिकारी व जवानों तथा विभिन्न ग्रामों की टीम क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग ले रही है। पुलिस अधिकारी-कर्मचारी लगातार ड्यूटी में डटे रहते है ऐसे में उन्हें रिलेक्स देने का यह एक मजबूत जरिया है। खेलकूद से उनका मानसिक तनाव दूर होगा साथ ही पुलिस जवानों के शारीरिक व मानसिक फिटनेस को बरकरार रखने और जनता व पुलिस के बीच मधुर संबंध को लेकर भी इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है। प्रतियोगिता का पहला मैच बजरंग इलेवन व मनी इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें बजरंग इलेवन ने मनी इलेवन को 30 रनों से पराजित किया। इस रोमाचंक मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, पुलिस के अधिकारी व जवान सहित काफी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### एमएस सिंहदेव अंडर16 पिंक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबला

**अम्बिकापुर।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित एमएस सिंहदेव अंडर16 पिंक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए। दूसरे दिन खेले गए पहले मैच में सरगुजा लायंस और सरगुजा टाइगर्स के बीच खेला गया। लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 61 रन पर अपनी पारी समाप्त की। टाइगर्स की ओर से शोएब ने 4 विकेट लेकर दब दिखाया। जवाब में टाइगर्स ने 65 रन पर 6 विकेट खोकर जीत हासिल की। टीम के बल्लेबाज अक्षत सिंह ने 16 रन की ऊपरी पारी खेली, जबकि शोएब की घातक गेंदबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में सरगुजा रॉयल और विनायक क्रिकेट एकेडमी बी के बीच मुकाबला हुआ। सरगुजा रॉयल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 131 रन बनाए। रॉयल के बल्लेबाज गगन बोस ने 65 रन की आक्रामक पारी खेली, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच सम्मानित किया गया। विनायक क्रिकेट एकेडमी बी की पारी 83 रन पर सिमट गई। रॉयल की ओर से दिव्यांश प्रताप सिंह ने 4 विकेट लेकर विरोधी टीम को दबाव में ला दिया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष आदि बाबा ने कहा कि खेल के साथसाथ शिक्षा और अनुशासन भी मजबूत होने चाहिए। सरगुजा जिला क्रिकेट संघ के सचिव विनीत जायसवाल ने बताया कि यह भारत का पहला अंडर16 पिंक बॉल टूर्नामेंट है, जो रात के समय, फ्लड लाइट और पिंक बॉल के साथ खेला जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को फ्लड लाइट और हाईप्रेशर मैचों का अनुभव मिल रहा है।




## बढ़ी महंगाई और पेट्रोल-डीजल मूल्य में वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने निकाली रैली

**अम्बिकापुर।** बतौली में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ रही कीमतों के विरोध में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली।




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बतौली के नेतृत्व में निकाली गई रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महंगाई को लेकर अपना आक्रोश जताया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां कांग्रेस नेताओं ने आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर सरकार को घेरा। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि आज देश में महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है। पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी का सीधा असर गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। केंद्र सरकार आम जनता की परेशानियों को नजरअंदाज कर रही है, जबकि कांग्रेस पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि रसोई गैस, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम बढ़ने से लोगों का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। इस दौरान प्रदीप गुप्ता, तिलक बेहरा, राजकुमार सोनी, बलराम यादव, संजय सिंह, ईश्वर सोनी, सुंदर मिंज, सुखेश्वर राम टोप्पो, शशि सिंह, सतवेंद्र प्रताप सिंह, सुशीला भगत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डांटने से नाराज युवती ने कुएं में कूदकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** परिजन द्वारा मोबाइल को लेकर डांटने की बात से नाराज होकर युवती ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत रामनगर डबरीपारा निवासी 19 वर्षीय कुमारी मनीषा मानिकपुरी पिता नंदलाल दो दिन पूर्व अपने छोटे भाई से मोबाइल मांग रही थी। मोबाइल नहीं देने पर युवती ने भाई से विवाद करने लगी। तभी मां ने कहा कि क्यों मोबाइल के लिए विवाद कर रही हो, इसी बात पर नाराज होकर घर से निकल गई। काफी खोजबीन के बाद भी युवती को कोई जानकारी नहीं मिल सका। शुक्रवार की सुबह युवती का चाचा जब खेत में पानी डालने गया तब देखा कि कुएं में युवती का शव तैर रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर शव पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मै रामकेशवर पिता रामगुलाम उम्र 49 वर्ष जाति गोंड निवासी ग्राम करमडीहा क थाना + तह. रघुनाथनगर जिला बलरामपुर- रा.गंज (छ.ग.) मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। मेरी पुत्री सोनिसिंह (SONISINGH) का नाम व जन्म तिथि 01/01/2011 आधार कार्ड क्रमांक 5384 7568 1896 में नाम व जन्म तिथि तकनीकी त्रुटीवश गलत दर्ज किया गया है। उपरोक्त नाम मेरी पुत्री सोनिसिंह SONISINGH आधार कार्ड में त्रुटी है अन्य दस्तावेजो में सही है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक अंकसूचि प्रमाण पत्र के अनुसार रानी RANI उक्त प्रमाण पत्र के अनुसार उपर वर्णित जन्म तिथि व नाम त्रुटी व आधार कार्ड में सुधार किया जावे। मै शपथकर्ता मेरी पुत्री का नाम निम्नअनुसार रानी RANI जन्म तिथि 01/01/2011 त्रुटी व गलत है सही नाम जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंकित रानी RANI जन्म तिथि 22/07/2010 पिता श्री रामकेश्वर RAMKESHWAR उक्त आधार कार्ड दस्तावेज में अंकित कर सुधार किया जाये।

मै शपथकर्ता मेरी पुत्री का नाम सोनिसिंह SONISINGH के स्थान पर सही नाम रानी RANI जन्म तिथि 22/07/2010 आधार कार्ड में सुधार के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

भवदीय
रामकेशवर
आ. शरामगुलाम
निवासी-ग्राम करमडीहा क थाना + तह. रघुनाथनगर जिला बलरामपुर- रा.गंज (छ.ग.)

### कार्यालय तहसीलदार लखनपुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

दिनांक 19/05/2026

:: ईश्तहार ::

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम सिरकोतगा
तहसील लखनपुर

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कोमलपती पति स्व. सनीराम निवासी सिरकोतगा के द्वारा अपने पति सनीराम की मृत्यु दिनांक 10/10/2022 को मृत्यु हो जाने से जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय को प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनांक 04/06/26 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदनपत्र पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी दिनांक 04/06/26 तक इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
लखनपुर

## ब्राह्मण समाज की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा

**अम्बिकापुर।** सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक ग्राम पंचायत मेंड्राकला में आचार्य दिनेश मिश्र के निवास रामकुटीर में हुई। बैठक में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के पदाधिकारी शामिल हुए तथा संगठन विस्तार सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में संभागीय अध्यक्ष आईबी तिवारी ने कहा संगठन विस्तार के लिए सभी पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित कर सभी विकासखण्डों में संगठन की इकाई गठित करने के लिए सक्रियता से काम करने की जरूरत है। इसके लिए सदस्य गांव-गांव का भ्रमण करें तथा समाज के लोगों को संगठन से जोड़े। बरसात के पूर्व लखनपुर, उदयपुर एवं दरिमा क्षेत्र के एक-एक गांव का भ्रमण कर इकाइयों का गठन करने का लक्ष्य निर्धारित कयिा गया है। समाज ने सरगुजा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत परिवारों की संपूर्ण जानकारी जुटाकर एक पुस्तक प्रकाशित करने का निर्णय लिया है जिससे सभी लोग एक-दूसरे के बारे में जान सके। इस पुस्तक में समाज के हर व्यक्ति का पारिवारिक विवरण प्रकाशित किया जाएगा। संगठन द्वारा सितम्बर-अक्टूबर के मध्य एक परिचय सम्मेलन भी आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान विरेन्द्र त्रिपाठी, सुरेश शुक्ला, ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, राधेश्याम पाण्डेय, श्यामसुंदर तिवारी, नरेन्द्र दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।



सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 24 मई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 23 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक -31 मई, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### दो महीने बाद चालू हुआ सोलर पंप, परसापारा के ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत केवरा परसापारा में पिछले दो महीनों से बंद पड़े सोलर पेयजल पंप को आखिरकार सुधार दिया गया है। लंबे समय से पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिली है। सोलर पंप में नया मोटर लगते ही गांव में फिर से पानी की आपूर्ति शुरू हो गई, जिससे ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बताया जा रहा है कि सोलर पंप का मोटर खराब होने के कारण ग्रामीणों को बीते दो महीनों से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दूर-दराज के जल स्त्रोतों से पानी लाना पड़ता था, वहीं कई परिवार मजबूरी में तालाब एवं असुरक्षित स्त्रोतों के पानी का उपयोग कर रहे थे, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया था। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही थी। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग हरकत में आया और सोलर पंप में नया मोटर लगाकर पेयजल व्यवस्था बहाल कर दी गई। समस्या के समाधान के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने प्रशासन से यह भी मांग की है कि भविष्य में ऐसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को महीनों इंतजार न करना पड़े और शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के थानों में पहुंचा 112 वाहन




**अम्बिकापुर।** सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के थानों में नए 112 वाहन पहुंचने से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है, जहां शासन द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ के सभी थानों में 112 वाहन उपलब्ध कराया है जिससे अब लोगों के 112 वाहन से तत्काल सहायता प्राप्त होगी। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से थानों में 112 वाहन की सेवा से लोगों को जूझना पड़ रहा था। 112 वाहन के कड़ंम होने पर लोग प्राइवेट वाहन का सहारा ले रहे थे। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में जीवनदायिनी के नाम से मशहूर 112 वाहन के नए वाहन उपलब्ध होने से लोगों में खुशी है। गौरतलब है कि संजीवनी 108 की सेवा जहां लोगों को नहीं मिल पाती तो वहां डायल 112 की वाहन तत्काल पहुंच कर लोगों को सहायता देते है। साथ ही क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था भी दुरुस्त रहती है। डायल 112 वाहन दुर्गम क्षेत्रों में भी अपनी सेवा प्रदान के लिए जाना जाता है वहीं सड़क दुर्घटना में घायलों को भी तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल पहुंचा सेवा प्रदान कर रहे है।

## कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में मिली सफलता

# कुदरगढ़ देवी धाम स्थित नारियल के छिलकों के ढेर में लगी आग, जले दो शेड एवं सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कुदरगढ़ धाम में शुक्रवार को सुबह उस समय अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब नारियल के छिलकों के ढेर से अचानक आग की ऊंची लपटें उठने लगी। इस दौरान देखते ही देखते आग विकराल बन गई। आग की चपेट में आने से श्रद्धालुओं के लिए बने दो शेड एवं भारी संख्या में सामग्री जलकर खाक हो गई।

**खास बात**
- अगरबत्ती जलाने के कारण 25 फीट ऊंचे छिलकों के ढेर में लगी आग



धू-धूकर जलता मंदिर का शेड।

भीषण गर्मी पड़ने के कारण शुक्रवार को भोर में ही विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत कुदरगढ़ देवी धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। मंदिर समिति के कर्मचारी एवं सदस्य श्रद्धालुओं के सुरक्षित दर्शन-पूजन की व्यवस्था में व्यस्त थे। मंदिर समिति द्वारा मुख्य द्वार के पास ही देवी को चढ़ाए गए नारियल के छिलके रखने की व्यवस्था की गई है। दो-तीन महीनों में स्थल पर लगभग 25 फीट ऊंचा नारियल के छिलकों का पहाड़ खड़ा हो गया था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को सुबह लगभग 10 बजे दूरस्थ क्षेत्र से पहुंचे किसी महिला श्रद्धालु ने नारियल के छिलके के ढेर के पास अगरबत्ती जला दी। अगरबत्ती की चिंगारी से नारियल के ढेर में आग लग गई। पहले तो छिलकों के ढेर से काफी देर तक धुंआ निकलता रहा। इस दौरान न तो किसी श्रद्धालु का ध्यान गया न ही मंदिर समिति के सदस्यों का ही। इस दौरान हवा चलने के कारण थोड़ी देर में ही आग की 25 फीट ऊंची लपटे उठने लगी तो अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई तथा पास में मौजूद श्रद्धालु इधर-उधर भागने लगे। समिति के कर्मचारियों एवं सदस्यों ने बाल्टी से पानी का छिड़काव कर आग बुझाने की काफी कोशिशें की लेकिन आग इतना विकराल स्वरूप धारण कर ली थी कि काबू कर पाना आसान नहीं था। हालांकि मौजूद सदस्य एवं कर्मचारी लगातार पानी का छिड़काव करते रहे। हवा चलने के कारण आग कम होने के बजाय तेजी से फैल रही थी। देखते ही देखते कुछ दूरी पर श्रद्धालुओं के लिए बने शेड भी आग की चपेट में आकर जलने लगा। शेड के छप्पर में लगी प्लास्टिक शीट आग की चपेट में आने से पिघलने लगी तथा शेड में रखा समान भी जलने लगा। उपस्थित कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर शेड में रखी सामग्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। शेड में मंदिर समिति की रसीदें, टीने की पेटियां में अन्य सामग्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया जबकि अन्य कई सामग्रियां जल गई। आग की चपेट में आने से मंदिर परिसर की स्ट्रीट लाइट, दो पंखे सहित कुछ प्लास्टिक की बोरियां एवं अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई।

### अब नीचे दिया जाएगा प्रसाद

मां कुदरगढ़ देवी धाम ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी अजय तिवारी ने बताया कि किसी महिला श्रद्धालु द्वारा अज्ञानतावश छिलकों के ढेर के पास अगरबत्ती जलाने के कारण यह हादसा हुआ। उपस्थित कर्मचारियों एवं सदस्यों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। भविष्य में इस तरह की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए समिति के कार्यालय से ही श्रद्धालुओं का नारियल लेने एवं प्रसाद देने की व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में ट्रस्ट की बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा।

# सरगुजा के युवाओं की आवाज को मंच देने गायन स्पर्धा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर सहित सरगुजा जिले में उभरती गायन प्रतिभा को बेहतर मंच प्रदान करने और उनकी आवाज को देश व दुनिया तक पहुंचाने के लिए सप्त सुरम ट्रस्ट द्वारा तिनक धिन धा कराओके सिंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 15 वर्ष व अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस सिंगिंग प्रतियोगिता का ऑडीशन 23 मई को बम्हे रोड स्थित होटल अलंकर में होगा जबकि ग्रैंड फिनाले 24 मई को शाम 5.30 बजे से राजमोहिनी देवी भवन में किया जाएगा।



आयोजन को लेकर ट्रस्ट के कैप्टन तरुण कुमार ने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरा उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की फीस माफ की जा रही है। ट्रस्ट का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि प्रतिभाशाली युवाओं को सही मंच और अवसर देना है। उन्होंने कहा कि आज युवा नशे जैसी गलत प्रवृत्तियों की ओर बढ़ रहे हैं, ऐसे में सांस्कृतिक गतिविधियां उन्हें सकारात्मक दिशा देने का माध्यम बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य कर रहा है। आयोजक ट्रस्ट की तनुश्री सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का चयन रिदम मेंटेन, सांग सिलेक्शन और प्रेजेंटेशन के आधार पर किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सरगुजा से अब तक 60 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रूपए तथा तृतीय पुरस्कार 71 सौ रूपए निर्धारित किया गया है। इसके अलावा टॉप-15 प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। रायपुर के शुभम दीक्षित, बिलासपुर के अरशद खान, रुचि कटकवार और आकाश सूर्यवंशी जैसे प्रतिभागियों ने इसी मंच से सफलता हासिल की है।



प्रशिक्षण वर्ग में शामिल पदाधिकारी-कार्यकर्ता।

# भाजपा के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा द्वारा रिदम गार्डन होटल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, संगठन जिला प्रभारी कृष्णकांत चन्द्रा, जिला सह प्रभारी सुनील गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया तथा अध्यक्षता वर्ग नियंत्रक अम्बिकेश केशरी ने की। प्रशिक्षण का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष एवं महामंत्री अरूणा सिंह ने किया।

वक्ता अखिलेश सोनी ने कहा कि भाजपा में सीखने का क्रम निरंतर चलता रहता है और प्रशिक्षण से संगठन की कार्यकुशलता बढ़ती है। नरेंद्र मोदी की सरकार के दौरान गरीब कल्याण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल हुए हैं। प्रत्येक घर में शौचालय, उज्जवला योजना से घरेलू रसोई में सुरक्षा व सुविधा, नल-जल योजना से पानी की उपलब्धता, आयुष्मान भारत कार्ड, मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना और महतारी वंदन जैसी योजनाओं ने गरीबों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। ये योजनाएं जन-सहभागिता और संगठन के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि व्यवस्था और अन्य जिम्मेदारियों में कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और समर्पण से प्रशिक्षण गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। उन्होंने जिला महामंत्री विनोद हर्ष, महामंत्री अरूणा सिंह, जनमेजय मिश्रा, वैभव सिंहदेव, निश्चल प्रताप सिंह, दीपक सिंह तोमर, रूपेश दुबे, संजय सोनी, शुभांगी बिहाड़ी, निलेश सिंह, आदि ने आभार व्यक्त किया। समापन के पूर्व सत्रों में गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे, कृष्णकांत चन्द्रा, प्रमोद सिंह, राकेश चंद्राकर और संतोष दास ने अपना विचार व्यक्त किया। इस सत्रों की अध्यक्षता विधायक प्रबोध मिंज, अनिल सिंह मेजर, कमलभान सिंह, फुलेश्वरी सिंह, विद्यानंद मिश्रा एवं देवनाथ सिंह पैकरा ने की। बंगाल चुनाव में सरगुजा के जिन भाजपा नेताओं को विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई थी वहां भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से विजयी हुए। सत्र में उपस्थित गृहनिर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, संभाग सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा एवं विधायक रामकुमार टोप्पो को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिपं निरूपा सिंह सहित प्रशिक्षणार्थी, कार्यकर्ता एवं दंडाधिकारी उपस्थित थे।

### केतका में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर आयोजित



**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर क्षेत्र के खदान प्रभावित केतका ग्राम में शुक्रवार 22 मई 2026 को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में डॉ. सोढ़ी, डॉ. वीर भारत, डॉ. सत्यपाल एवं डॉ. शुभांगी वर्मा ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क जांच, स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन पर लाभार्थियों के बीच निःशुल्क थर्मामीटर भी वितरित किए गए।

### कुंवरपुर में जमीन के दौरान महिलाओं ने पत्थर से वार कर ग्रामीण को किया घायल

**लखनपुर।** ग्राम कुंवरपुर में शुक्रवार की दोपहर लगभग 3.30 बजे जमीन नाप जोक के दौरान महिलाओं ने पत्थर से एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। अचानक हमला करने से ग्रामीण के सिर में चोट लगने घायल हो गया। विनोद नामक व्यक्ति द्वारा जमीन सीमांकन हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन दिया गया था। पटवारी के निर्देश पर जमीन के अगल-बगल संबंधित ग्रामीण भी जुटे। इसी दौरान जमीन नापने को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि महिलाओं ने ईट और पत्थर से हमला कर दिया जिससे आलम साय के सिर में चोट लगने से घायल हो गया। इधर घटना सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के बाद घायल ग्रामीण ने थाने पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296(बी), 351(3), 115(2), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।









